संपादकीय

# कहीं कोई जवाबदेही नहीं?

नूह और आसपास के इलाकों में जो प्रशासनिक नाकामी सामने आई, क्या उसकी शृंखलाबद्ध जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? लेकिन आज जिस चीज का सबसे ज्यादा अभाव है, वह उत्तरदायित्व ही है। और इसीलिए हिंसक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।

हरियाणा के दंगाग्रस्त नूह इलाके में कार्यरत एक सीआईडी अधिकारी ने एक टीवी चैनल को बताया कि उन्होंने हिंसा की तैयारियों के बारे आगाह करते हुए अपने विभाग को रिपोर्ट भेजी थी। लेकिन उस क्षेत्र के थाना इंचार्ज ने उसी चैनल को बताया कि उन्हें ऊपर से कोई ऐसी चेतावनी नहीं आई। उधर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेता कह रहे हैं कि हथियार दोनों तरफ (यानी हिंदू और मुस्लिम समुदायों में) इक_ा किए गए थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राज्य पुलिस की सबकी सुरक्षा की गारंटी नहीं कर सकती (हालाकि इस पर विवाद होने के बाद उन्होंने जानी-पहचानी सफाई दी कि उनकी बात को गलत ढंग से समझा गया)। बहरहाल, यह अहम सवाल है कि खुफिया सूचना को संबंधित पुलिस थाने को ना भेजने के लिए कौन जिम्मेदार था? उधर, इस तर्क से सरकार या सत्ता पक्ष का बचाव कैसे हो सकता है कि मुसलमानों ने भी हथियार इक_े किए थे और दोनों तरफ से हिंसा हुई? प्रश्न तो यह है कि दोनों में से कोई पक्ष अगर हिंसा की तैयारी में पहले से जुटा हुआ था, तो राज्य प्रशासन कहां सोया हुआ था?

सीआईडी अधिकारी के बयान की रोशनी में यह सवाल और गंभीर हो जाता है- इसलिए कि तब बात सिर्फ लापरवाही की नहीं रह जाती, बल्कि नीयत का सवाल भी उठ खड़ा होता है। हथियार लेकर शोभा यात्रा निकालने की इजाजत देना और चुनौती के अंदाज में किसी अन्य महजब के धर्म स्थल के सामने से उसे गुजरने की इजाजत देने से जुड़े प्रश्नों की चर्चा हम यहां नहीं कर रहे हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के बरेली में जिस तरह ऐसा होने से रोकने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ जैसा व्यवहार किया गया, उसके मद्देनजर ये सवाल भी पूरी गंभीरता के मौजूद हैं। अतिरिक्त प्रश्न यह है कि नूह और आसपास के इलाकों में जो प्रशासनिक नाकामी सामने आई, क्या उसकी शृंखलाबद्ध जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? लेकिन आज के दौर में जिस चीज का सबसे ज्यादा अभाव है, वह उत्तरदायित्व ही है। और इसीलिए हिंसक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है।

# अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी एस्ट्रा ने की 25 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी



**सैन फ्रांसिस्को।** अंतरिक्ष कंपनी एस्ट्रा ने अपने कुल कार्यबल में लगभग 25 प्रतिशत की कटौती की है यानी लगभग 70 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है।

प्रभावित कर्मचारियों ने मुख्य रूप से कंपनी के लॉन्च, एसजीएंडए और शेयर सर्विस फंक्शन का समर्थन किया।

एस्ट्रा स्पेस ने अपने बढ़ते कस्टमर बेस और अपने अंतरिक्ष यान इंजनों के ऑर्डर बैकलॉग का समर्थन करने के लिए लॉन्च सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन से अपने एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन बिजनेस में अपने वर्कफोर्स के स्ट्रेटेजिक रिएलोकेशन की घोषणा की।

एस्ट्रा ने पिछली बार एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन के 278 कम्युलेटिव कमिटेड ऑर्डर की घोषणा की थी, जो लगभग 77 मिलियन डॉलर कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू का प्रतिनिधित्व करता है।

एक बयान में कहा गया, एस्ट्रा स्पेसक्राफ्ट इंजन बिजनेस के समर्थन में, एस्ट्रा ने लॉन्च सर्विसेज से लेकर स्पेस प्रोडक्ट्स तक लगभग 50 इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग पर्सनल को फिर से रिएलोकेटेड किया है।

कंपनी के फाउंडर और सीईओ क्रिस केम्प ने कहा, हम अपने कस्टमर्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर गहनता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि हमारे पास अपने निकट अवधि के अवसरों पर अमल करने के लिए पर्याप्त रिसोर्सेज और पर्याप्त फाइनेंसियल रनवे है।

प्रारंभिक दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों के अनुसार, एस्ट्रा का राजस्व 0.5 से 1 मिलियन डॉलर के बीच होने की उम्मीद है, जबकि हाथ में केवल 26 से 26.5 मिलियन डॉलर कैश है।

एस्ट्रा, अमेरिका में स्थित एक रॉकेट स्टार्टअप, जो 2021 में सार्वजनिक हुआ, ने सिकुड़ते फाइनेंसियल रनवे को बढ़ाने और खर्चों को कम करने के लिए एक व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में पिछले साल अपने 16 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया।

कंपनी को 2023 के अंत में इनिशियल फ्लाइट टेस्ट करने की उम्मीद है।

# सरकार ने लैपटॉप कंपनियों को दी राहत, आयात की इजाजत



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े आइटम को लेकर जो बड़ा फैसला लिया था फिलहाल उस पर रोक लगा दी है। इससे कंपनियों को आयात करने के लिए तीन महीने का समय मिल गया है। अब इन कंपनियों को एक नवंबर से उपकरणों को आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होगा।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की बीती देर रात जारी अधिसूचना में अब उलटफेर हो गया है। इसमें किसी भी इकाई को बिना लाइसेंस के लैपटॉप, कंप्यूटर और संबंधित वस्तुओं को आयात करने की अनुमति नहीं थी।

एक अधिसूचना में कहा गया है कि अब सरकार ने लैपटॉप पर लगाया गया बैन 1 नवंबर से लागू करने का फैसला किया है। ऐसे में लैपटॉप कंपनियों को करीब 3 महीने की राहत मिल गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि लाइसेंस के बिना टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर की आयात खेपों को 31 अक्टूबर, 2023 तक मंजूरी दी जा सकती है। केंद्र ने कहा है कि यह प्रतिबंध सुरक्षा कारणों और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए लगाए गए थे।

# बढ़ सकती देश के 50 लाख से अधिक कर्मचारियों की सैलरी

**नई दिल्ली ।** देश के 50 लाख से अधिक कर्मचारियों के काम की खबर है। इन कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में बंपर इजाफा होने वाला है। जिनका वेतन 18 हजार है उनका 26 हजार हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक ये सब सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर होने वाला है। सूत्रों का दावा है कि इसके लिए पूरा ब्यौरा तैयार है सिर्फ औपचारिक घोषणा शेष है। केंद्रीय कर्मचारियों का फिटमेंट फैक्टर 2.57 फीसदी है और इसी आधार पर सैलरी दी जाती है।कर्मचारी एसोसिएशन लंबे समय से इसे बढ़ाने की मांग कर रही हैं। ऐसे में उम्मीद है कि पुरानी पेंशन, डीए एरियर की बढ़ती मांग और आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार फिटमेंट फैक्टर बढ़ाने पर विचार करेगी। केंद्रीय कर्मचारियों का फिटमेंट फैक्टर 2.57 से बढ़ाकर 3.00 फीसदी या 3.68 फीसदी किया जा सकता है। ये साल 2026 से लागू किया जा सकता है लेकिन क्योंकि 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं।

# एफपीआई ने सात सत्र में 8,545 करोड़ रुपए के शेयर बेचे




**नई दिल्ली ।** लगातार तीन महीने तक भारतीय पूंजी बाजार में पैसा लगाने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अब बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने बताया कि पिछले सात कारोबारी सत्रों के दौरान एफपीआई ने 8,545 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज तेजी से बढक़र चार प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। इससे उभरते बाजार वाले देशों में पूंजी प्रवाह निकट भविष्य में नकारात्मक रहने की आशंका है।

एफपीआई ने भारतीय बाजार में पिछले तीन महीने में कुल 1,37,603 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

उन्होंने कहा, अगर अमेरिकी बांड पर ब्याज ऊंची बनी रहती है तो एफपीआई द्वारा बिकवाली जारी रखने या कम से कम खरीदारी से परहेज करने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि एफपीआई ने ऑटो, पूंजीगत सामान और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में निवेश जारी रखा है। इसके अलावा एफपीआई की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि उन्होंने आईटी शेयरों में खरीददारी शुरू कर दी है। इस सेक्टर में पहले वे बिकवाली कर रहे थे। यह हाल में आईटी शेयरों में आई मजबूती को दिखाता है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि मजबूत मांग के कारण भारत की सेवा गतिविधियों का माह-दर-माह सूचकांक तेजी से बढक़र 62.3 पर पहुंच गया जो 13 साल में सबसे तेज वृद्धि दर है। इसके कारण लगातार तीन दिन तक बिकवाली का दबाव झेलने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को कुछ राहत देखी गई।

# कुलदीप अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, इसलिए टीम उसका समर्थन कर रही है: चहल



**प्रोविडेंस।** लेग स्पिनर यूज़वेंद्र चहल जानते हैं एकदिवसीय प्रारूप में कुलदीप यादव को उन पर प्राथमिकता क्यों दी जा रही है और वह एशिया कप और विश्व कप की टीम में जगह बनाने को लेकर चिंतित नहीं हैं।

चहल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में अंतिम एकादश में नहीं लिया गया था। उन्होंने पहले टी20 मैच में हिस्सा लिया जो इंडियन प्रीमियर लीग के बाद उनका पहला मैच था। उन्होंने इस मैच में अपने पहले ओवर में दो विकेट लेकर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। भारत यह मैच चार रन से हार गया था।

चहल ने दूसरे टी20 मैच से पहले कहा, टीम संयोजन हमारी प्राथमिकता है और इसमें कुछ नया नहीं है। सातवें नंबर पर हम अमूमन रविंद्र जडेजा या अक्षर पटेल को उतारते हैं। अगर विकेट स्पिनरों के अनुकूल हो तो तभी हम तीन स्पिनर उतारते हैं।

उन्होंने कहा, कुलदीप वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और वह शानदार लय में है और इसलिए टीम उसका समर्थन कर रही है। मैं नेट पर कड़ा अभ्यास करता हूं ताकि जब भी मुझे मौका मिले मैं उसका फायदा उठा सकूं।

सभी का ध्यान अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्वकप से पहले वनडे पर है लेकिन चहल ने जनवरी के बाद से इस प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि इस बात से खुश है कि वह टीम का हिस्सा है।

चहल ने कहा, हम पेशेवर क्रिकेटर हैं। मैं दो महीने के बाद खेल रहा हूं। इससे पहले मैंने अपना आखिरी मैच आईपीएल में खेला था। यह सब तैयारियों से जुड़ा हुआ है। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। इसमें आपको टीम के लिए खेलना होता है। ऐसा भी समय आता है जबकि खिलाड़ी को दो श्रृंखलाओं में बाहर बैठना पड़ता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे टीम का हिस्सा नहीं हैं।

राज्य स्तर पर शतरंज के खिलाड़ी रहे चहल ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मुझे हर दिन टीम की जर्सी पहनने का मौका मिलता है। मैं कोई घर में नहीं बैठा हूं। मैं टीम के साथ यात्रा कर रहा हूं। मैं टीम का हिस्सा हूं।

# एशिया कप कैंप 24 अगस्त से होगा शुरू, केएल राहुल और बुमराह होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** 30 अगस्त से शुरु होने वाले एशिया कप को लेकर तैयारियां चालू हो गयी हैं. ऐसे में 24 से 29 अगस्त तक टीम के खिलाडिय़ों का कैंप नेशनल किक्रेट एकेडमी में चलेगा. जिसमें लंबे समय से चोटिल चल रहे खिलाड़ी केएल राहुल और बुमराह भी शामिल होने वाले हैं. इस बार एशिया कप हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाना हैं. जहां भारत 2 सितंबर को अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा.

24 से 29 अगस्त टीम के खिलाडिय़ों का कैंप नेशनल किक्रेट एकेडमी में शुरु होने जा रहा हैं. जिसमें चोटिल चल रहे खिलाड़ी केएल राहुल और बुमराह भी शामिल होने वाले हैं. जबकि संजू इस में शामिल नहीं होंगे. ऐसे में ये तो साफ हो गया हैं कि सैमसन एशिया कप का हिस्सा नहीं होंगे.

ऐसे में बीसीसीआई अधिकारी के हवाले से कहा गया कि यह कैंप एशिया कप टीम के लिए होगा. अगर संजू सैमसन एशिया कप के लिए चुने जाते है तो वह केवल अंतिम दो दिन कैंप में रिपोर्ट करेंगे. आयरलैंड सीरीज के बाद संजू को ब्रेक की जरूरत होगी. बहुत कम समय में बहुत सारे मैच और यात्राएं होंगी. दो दिन के ब्रेक के बाद बुमराह कैंप में रहेंगे.

वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के बाद टीम इंडिया के मुख्य खिलाड़ी एशिया कप की तैयारी के लिए जुटेंगे. वहीं एक दूसरी टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी. जहां जसप्रीत बुमराह इस टीम के कप्तान हैं. संजू सैमसन भी इस टीम का हिस्सा हैं।

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी आज आपकी बहुत तारीफ करेंगे। अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। ये फैसला आगे चलकर आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होगा।

***वृष:*** आज का दिन शानदार रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। रुका हुआ पैसा आज वापस मिलने से आर्थिक पक्ष और भी मजबूत बनेगा। आप अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

***मिथुन:*** आज का दिन बहुत ही बढिय़ा रहने वाला है। आप अपनी समझदारी से हर तरह की स्थिति पर नियंत्रण पाने में सफल होंगे। आपको अपनी सोच सकारात्मक बनाएं रखने की जरूरत है।

***कर्क:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको जिस अवसर की पिछले कई दिनों से तलाश थी, वो आज किसी परिवार के सदस्य की मदद से आपको मिलेगा।

***सिंह:*** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों का स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्य योजना बनाएंगे, जिससे आगे चलकर आपको फायदा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी।

***कन्या:*** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग कम्प्यूटर क्षेत्र से जुड़े हैं वो आज ऑनलाईन कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। आप हर तरह की परिस्थितियों से लडऩे के लिए खुद को तैयार रखेंगे।

***तुला:*** आज का दिन बहुत ही बढिय़ा रहने वाला है। आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे। ये बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होंगे। किसी प्रकार की जिद्द यानि हठ करने से बचें। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उनकी समाज में प्रशंसा होगी।

***वृश्चिक:*** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। विरोधी पक्ष आज आपके सामने घुटने टेकने पर मजबूर हो जाएंगे। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी काम को पूरा करने के लिए किसी मित्र से फोन पर सलाह लेंगे।

***धनु:*** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आपको आर्थिक लाभ होने की सम्भावना बन रही है। इस राशि के छात्रों के मन में आज कई तरह के विचार आएंगे, बेहतर होगा पढ़ाई पर ध्यान दें।

***मकर:*** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपको इंक्रीमेंट होने की खबर मिलेगी जिससे आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। साथ ही घर में भी ख़ुशी का माहौल रहेगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा।

***कुंभ:*** आज का दिन बहुत ही बढिय़ा रहने वाला है। आपका सामाज में नाम होगा। इस राशि के जो लोग वकील हैं उनके लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। अचानक कहीं से धनलाभ हो सकता है।

***मीन:*** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आपको कोई पारिवारिक जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी निभाएंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों आज कुछ नया करने का प्लान बनाएंगे। जिस भी कार्य की शुरुआत करेंगे, उसे समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

# फलों का सेवन करते समय इन 5 गलतियों को करने से बचें, नहीं होगा नुकसान



जब फिटनेस और स्वास्थ्य की बात आती है तो फल हर किसी के लिए पोषण का पसंदीदा स्रोत होते हैं।हालांकि, कई लोग अनजाने में इनके सेवन के दौरान कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती हैं।ऐसे में आइये आज हम आपको फलों का सेवन करते समय होने वाली 5 सामान्य गलतियां बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

## रात को फल खाने से बचें

ज्यादातर लोग रात के समय फल खा लेते हैं, जो गलत है।रात का खाना हल्का होना चाहिए और खाने से ठीक पहले फल खाना कई तरह से नुकसानदेह हो सकता है।इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इनमें मौजूद प्राकृतिक शुगर आपको लंबे समय तक जगाए रख सकती है क्योंकि यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ाती है।इस कारण रात की बेहतर नींद के लिए सोने से कम-से-कम 2 से 3 घंटे पहले ही फल खा लें।

## फलों का जूस न बनाएं

जब आप किसी भी फल का जूस निकालते हैं तो उसकी सारी प्राकृतिक शुगर गिलास में रह जाती है और उसका फाइबर और छिलके वाले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद जब आप जूस को पीते हैं तो यह आपको अग्नाश्य पर जल्द-से-जल्द चीनी को संसाधित करने के लिए दबाव डाल सकता है। इससे बचाव के लिए या तो साबुत फल खाए या फिर जूस में 50 प्रतिशत पानी मिलाकर पीये।

## फलों को काटने के बाद देर तक बाहर न रखें

कुछ लोग फल को काटकर रख देते हैं और फिर लंबे अंतराल के बाद उन्हें खाते हैं। ऐसा करना सही नहीं है।जब आप फल काटते हैं तो ऑक्सीकरण तुरंत शुरू हो जाता है। इससे उनमें पोषण कम हो जाता है और वे तापमान और हवा से जल्दी खराब हो सकते हैं।इस कारण जब भी आपको फल खाना हो उसी वक्त ही उन्हें काटें। इससे उनमें पोषण बरकरार रहेगा।


## फल खाने के तुरंत बाद पानी न पीये

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि फल खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए क्योंकि यह शरीर के श्च॥ स्तर को बिगाड़ता है और पाचन समस्याओं का कारण बनता है। इसके कारण आपका पेट फूला हुआ भी महसूस हो सकता है या गैस और अम्लता का अनुभव हो सकता है क्योंकि फल खाने के बाद पानी पीने से पाचन धीमा हो जाता है।इससे बचाव के लिए फल खाने के कम-से-कम 20 से 25 मिनट बाद पानी पीये।

## ठंडे फल खाने से बचें

ज्यादातर लोगों को ठंडे फल खाना पसंद होता है। हालांकि, इन्हें सीधे फ्रिज से बाहर निकालकर खाना हानिकारक है।ऐसा इसलिए है क्योंकि ठंडे फल खाने से शरीर को एक छोटा-सा झटका लगता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन में बाधा होती है, त्वचा रूखी होती है और ब्रेन फॉग भी हो सकता है।इनसे बचाव और अधिकतर लाभ पाने के लिए कमरे के तापमान वाले फलों का सेवन करें।

# कंगना रनौत की चंद्रमुखी 2 से राघव लॉरेंस का फर्स्ट लुक आया सामने



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। पिछले कुछ वक्त से वह अपनी फिल्म चंद्रमुखी 2 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस के साथ नजर आएंगी।यह फिल्म पी वासु निर्देशित साल 2005 में आई तमिल कॉमेडी हॉरर चंद्रमुखी की अगली किस्त है। अब निर्माताओं ने चंद्रमुखी 2 से राघव का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह काफी दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।

चंद्रमुखी 2 15 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म को हिंदी, तेलुगू, मलायलम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा।राघव ने ट्वीटर पर चंद्रमुखी 2 का पहला पोस्टर जारी किया है।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, थलाइवर सुपरस्टार को धन्यवाद।

# शब्द सामर्थ्य- 148

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

# सू-दोकू- 148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |